हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री

13 अवैध शराब के खिलाफ लामबद्ध हुए चरमुड़िया के ग्रामीण



14 भाजपा मजदूरों के साथ विश्वासघात कर रही



## खबर संक्षेप

### संपर्क कक्षाएं आज से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष के अमहाविद्यालयीन छात्र के रूप में पंजीकृत छात्र-छात्राओं के रसायनशास्त्र विषय की सम्पर्क कक्षाएं 30 जनवरी से 8 फरवरी तक संपन्न होंगी।

### गोकुलेश्वर महादेव महोत्सव 12 फरवरी से

**धमतरी।** गोकुलेश्वर महादेव परिवार एवं वार्डवासियों के सहयोग से शिवपुराण का आयोजन 12 से 16 फरवरी तक श्री सत्संग भवन मैदान गोकुलपुर वार्ड में रखा गया है। कथावाचक संत कामता प्रसाद शरण कुंडेरादादर होंगे। परायणकर्ता पण्डित सुजलदास वैष्णव होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होगी। प्रथम दिवस कलशयात्रा, वेदी पूजन, बिंदुक ब्राम्हण, शिवपुराण महत्व की कथा होगी। द्वितीय दिवस गुननिधि की कथा, तृतीय दिवस सती चरित्र, भस्मासुर की कथा, चतुर्थ दिवस शिव विवाह, जालन्धर प्रसंग, पंचम दिवस तारकासुर वध, शिवलिंग के महत्व की कथा, हवन पूजा के साथ विशाल महाप्रसादी होगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रामेश्वर गंगबेर ने दी।



### भरारी में मानसगान सम्मेलन हुआ

**धमतरी।** भक्त गुहा निषाद जयंती के अवसर ग्राम भरारी में एक दिवसीय मानसगान सम्मेलन हुआ, जिसमें ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संतोष निषाद कोषाध्यक्ष पीलूराम निषाद अध्यक्ष, खुमान निषाद समाजसेवी, सरजू, रामनारायण, बेदराम यादव, डेनसिंह, अर्जुन सोनकर, परमेश्वरी यादव, रूक्मिणी निषाद, उतरा सोनकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मंच संचालन राममिलन साहू रामायणी भंवरमरा ने किया।

### विभिन्न कोर्स में दिया जायेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में सुरक्षा गार्ड, जल वितरण संचालन (नलजल मित्र), असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, टैक्सी ड्राइवर, रिटेल सेल्समेन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, एसी रिपेयरिंग कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के इच्छुक 18 से 45 वर्ष तक की आयु वर्ग के आठवीं, दसवीं और 12 वीं उत्तीर्ण आवेदकों से 7 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो आदि के साथ आवेदन पत्र सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में

---

### आज धान खरीदी का अंतिम दिन, बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से वंचित

# किसानों से खेल, टोकन कटा पर आधा अधूरा

**केस 1**

दाऊलाल ध्रुव अपने खाते में 120 क्विंटल धान बेच सकता है, लेकिन रकबा समर्पण कर उसे 100 क्विंटल में सीमित किया गया। गुरुवार को धान के भौतिक सत्यापन के बाद उसे टोकन दिया गया। इसमें धान की मात्रा और कम कर दी गई।

**केस 2**

लिमिट के अनुसार रामसिंग ध्रुव अपने खाते में 105 क्विंटल धान बेच सकता है। कई बार उसने टोकन के लिए आवेदन किया। अंतिम समय में बुधवार को उसे टोकन जारी किया गया। गुरुवार को उसने धान बेचा। इसमें भी उससे 27 क्विंटल धान कम लिया गया।

**केस 3**

बलियारा के किसान सुदर्शन ठाकुर 23 एकड़ के सम्मिलित खाते की जमीन पर खेती करते हैं। उन्हें पहले दो टोकन जारी किया जा चुका था। गुरुवार को तीसरा टोकन जारी किया गया। 213.60 क्विंटल धान की जगह 73 क्विंटल का टोकन दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आज धान खरीदी के पैकअप के साथ बड़ी संख्या में किसान धान खरीदी से वंचित हो जाएंगे। करीब 5 हजार किसान ऐसे हैं, जिन्हें अब तक टोकन नहीं मिल पाया है। बुधवार, गुरुवार को कुछ किसानों का टोकन काटा गया, लेकिन उनका भी आधा धान ही खरीदा जा रहा है। स्थिति यह है कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों में अफरा-तफरी मची हुई है।

निर्धारित समय-सीमा में जनवरी माह तक धान खरीदी की जाएगी। 31 जनवरी को शनिवार पड़ रहा है। ऐसे में 30 जनवरी यानी आज धान खरीदी का पैकअप कर दिया जाएगा। उधर अभी भी बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से वंचित हैं। कुछ किसान तो ऐसे हैं, जिन्हें एक बार भी टोकन नहीं मिला है। वहीं कई किसान को दूसरा और तीसरा टोकन नहीं मिला है। अब तो वे टोकन कटने की उम्मीद छोड़ चुके हैं।

गुरुवार को डुबान क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे थे। किसानों ने बताया कि अरौद डुबान के आश्रित गांव सिलतरा, बरबांधा, हरफर, पटौद, पहरियाकोन्हा, उरपुटी, पटेलगुड़ा के किसानों को टोकन नहीं मिला है। उनके धान का नियमानुसार





भौतिक सत्यापन भी किया गया, फिर भी टोकन नहीं दिया गया है। उन्होंने कलेक्टर से टोकन जारी करने की मांग की है। कलेक्टोरेट पहुंचने वालों में किसान कार्तिक राम, अंगदराम, शिशुपाल, रामजी, हेमलाल, कुलचंद्र, सामगर, सत्यवान ध्रुव, प्रीतम, अनुज, संतेश्वर, कन्हैया, लवकुमार, नरेश ध्रुव, चंद्रहास, कुशलराम, श्यामा, रामसिंग, दाऊलाल, वासुदेव आदि शामिल थे।

### यह है खरीदी केंद्रों की स्थिति

गुरुवार की स्थिति तक जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में 1 लाख 21 हजार 544 किसानों से 58 लाख क्विंटल से ज्यादा की धान खरीदी की जा चुकी है। गुरुवार को 2 हजार 974 किसानों को 1 लाख 340 क्विंटल धान का टोकन जारी किया गया है। उधर लिंकिंग वसूली भी कम्पलीट नहीं हो पाई है। 276 करोड़ के कर्ज में 255 करोड़ की वसूली हुई है।

### किसानों में नाराजगी

टोकन एप बंद करने के बाद करीब 7 हजार किसानों को टोकन नहीं मिल पाया था। इन किसानों को एक बार भी टोकन जारी नहीं किया गया था। खरीदी खत्म होने से दो दिन पहले ही इन किसानों को टोकन जारी करना शुरू किया गया। अब स्थिति यह है कि धान की मात्रा ज्यादा है, लेकिन समितियों में खरीदी की लिमिट कम है। ऐसे में किसानों को संतुष्ट करने के लिए आधा अधूरा धान ही खरीदा जा रहा है। ऐसे में किसानों में नाराजगी है। बलियारा के किसान सुदर्शन ठाकुर ने बताया कि यह किसानों के साथ धोखा है। किसी समय में भाजपा की तत्कालीन रमन सरकार ने किसानों से 26 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की थी। यह सरकार तो 21 क्विंटल भी नहीं खरीद पा रही है।

---

## मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नहर की तरफ गए वृद्ध पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमलाकर घायल कर दिया है। घायल वृद्ध को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

परिजनों के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमर्रा निवासी रामा यादव पिता केजूराम उम्र 75 वर्ष खेती किसानी का काम करता है।

■ ग्राम कोसमर्रा की घटना

वृद्ध रोजाना की तरह गुरुवार की सुबह शौच के लिए गांव के पास स्थित नहर नाली की तरफ गया था। वृद्ध को कम सुनाई देता है। नित्य कर्म से निवृत्त होने के बाद वृद्ध नहर पार में पैदल जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे वाहन के पीछे मधुमक्खियों का झुंड आ रहा था जिसे देख चालक अपनी जान बचाने वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए आगे निकल गया। लेकिन वाहन के पीछे आ रहे मधुमक्खियों के झुंड ने सामने दिखे वृद्ध पर अचानक



हमला कर दिया। सैकड़ों मधुमक्खियों ने वृद्ध को काटकर घायल कर दिया। वृद्ध को डंक मारने के बाद मधुमक्खियां वहां से उड़ गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल वृद्ध को तत्काल उपचार के लिए भखारा अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के दौरान अस्पताल स्टाफ द्वारा घायल वृद्ध के चेहरे, सिर व शरीर में चुभे लगभग 300 डंक को निकाला गया। घायल वृद्ध की हालत को देखते हुए उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। भखारा लोकेशन की संजीवनी 108 द्वारा घायल वृद्ध को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायल को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

## पश्चिमी विक्षोभ से मौसम नरम-गरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जिले का मौसम नरम-गरम है। प्रदेश के तापमान में गिरावट आने के बाद फिर से वृद्धि की संभावना बनी हुई है। कहीं-कहीं पर घने कोहरे छाने की संभावना के साथ मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार उष्ण कटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम का प्रभाव बना हुआ है। स्ट्रीम हवा की गति समुद्र तल से 12.6 किमी ऊपर 130 नाट की है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 2 फरवरी से प्रभावित करेगा। प्रदेश में अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के बाद आगामी 3 दिन मे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। कहीं-कहीं पर घना कोहरा छा सकता है।

## कायाकल्प योजना : स्टेट की टीम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

■ सहकर्मी मूल्यांकन में हुआ क्वालीफाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कायाकल्प योजना के तहत अंतर्जिला सहकर्मी मूल्यांकन में क्वालीफाइड होने के बाद स्टेट की टीम ने जिला अस्पताल पहुंचकर सुविधाओं का निरीक्षण किया।

शासकीय अस्पतालों को प्रोत्साहित करने शासन कायाकल्प योजना चला रहा है। यह योजना प्रत्येक वर्ष चलती है। इस योजना में पीएचसी से लेकर जिला अस्पताल शामिल रहते हैं। मूल्यांकन के दौरान 70 से अधिक पाइंट मिलने पर अस्पतालों को अलग-अलग केटेगिरी का पुरस्कार दिया जाता है। कायाकल्प योजना 2025-26 अंतर्गत बीते माह जिला अस्पताल का अंतर्जिला सहकर्मी मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के लिए जिला अस्पताल रायपुर की टीम पहुंची थी। टीम द्वारा मूल्यांकन की रिपोर्ट राज्य को भेजी गई जिसमें 70 पाइंट से अधिक मिलने पर जिला चिकित्सालय द्वितीय चरण के लिए क्वालीफाइड हो गया। जिसके बाद बुधवार की शाम स्टेट की 4 सदस्यीय टीम जिला अस्पताल के निरीक्षण में पहुंची। टीम में डॉ. जावेद कुरैशी, डॉ. मनीषा दामानी, डॉ. राकेश वर्मा व डॉ. तनु प्रिया शामिल थी। टीम ने अस्पताल का निरीक्षण कर परिसर में जानवरों पर नियंत्रण, गार्डनिंग, बाउण्ड्रीवाल, अस्पताल बिल्डिंग, खुली जगहों का रखरखाव, अधोसंरचना, पानी, हाईजीन, वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण कंट्रोल, सपोर्ट सर्विस, ईको फ्रेन्डली सुविधा सहित अन्य बिन्दुओं का निरीक्षण किया। लगभग घंटे भर अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद टीम वापस लौट गई। टीम निरीक्षण का रिपोर्ट सेन्ट्रल को भेजेगी।




इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोण्डर, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, गुरूशरण साहू, मेट्रन पार्वती नेताम, ओपीडी इंचार्ज कृति किरण दास, कुसुमलता ठाकुर, श्वेता परमार व नमिता नाग मौजूद रही।

## सांकरा बना यूपीआई से संपत्ति कर भुगतान करने वाला देश का पहला गांव

■ सांकरा में समर्थ पंचायत पोर्टल का शुभारंभ, ऑनलाइन टैक्स वसूली की दिशा में देश का पहला कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

डिजिटल इंडिया की परिकल्पना को ज़मीनी हकीकत में बदलते हुए धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा ने देशभर में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। समर्थ पंचायत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट गेटवे द्वारा यूपीआई से संपत्ति कर भुगतान कर देश की पहली ग्राम पंचायत बनने का गौरव सांकरा ने हासिल किया है।



इस ऐतिहासिक अवसर पर पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव विवेक भारद्वाज ने ग्राम पंचायत सांकरा की सराहना करते हुए कहा कि अब मुंबई छत्तीसगढ़ से सीखेगा। उनका यह वक्तव्य ग्राम पंचायत द्वारा किए गए नवाचार की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता को दर्शाता है।

ग्राम पंचायत सांकरा के सभागार में आयोजित समर्थ पंचायत पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम में ग्रामीणों को ऑनलाइन टैक्स भुगतान की प्रक्रिया, उसके लाभ, पारदर्शिता और समय की बचत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अतिथियों ने इसे ग्रामीण स्वशासन की दिशा में एक मील का पत्थर बताया और डिजिटल माध्यम अपनाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत सरकार के सचिव एवं छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सचिव सुश्री निहारिका बारीक भी शामिल हुईं। उन्होंने इस पहल को देशभर की ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणास्त्रोत मॉडल बताया। कार्यक्रम में एनआईसी प्रमुख सुश्री सुनीता जैन सहित राज्य एवं जिला स्तर की तकनीकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ग्राम पंचायत सांकरा द्वारा उठाया गया यह कदम ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने, सुशासन को सशक्त करने और आत्मनिर्भर पंचायत की दिशा में एक मजबूत पहल है।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग निहारिका बारीक, संचालक पंचायत छग प्रियंका महोबिया, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर, अध्यक्ष जिपं अरुण सार्वा, उपसंचालक पंचायत नकुल वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत रोहित बोरझा, सरपंच नगरी नागेंद्र बोरझा, पंचायत सचिव मदन सेन समेत अन्य मौजूद थे।

## यूजीसी नियमों के विरोध में राजपूत क्षत्रिय महासभा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू किए गए नए नियमों के विरोध में राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह (पंजीयन क्रमांक 1282) उपसमिति धमतरी ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और अपना विरोध दर्ज कराया।

महासभा के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने और समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों को लेकर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों में आशंका व्याप्त है। उनका कहना है कि नियमों के प्रभावी होने के बाद सामान्य वर्ग के लोगों पर झूठे आरोप लगाए जाने तथा बिना समुचित जांच के एकपक्षीय कार्रवाई होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आरोपों की पुष्टि करने या जिनके विरुद्ध शिकायत है, उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर न मिलना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। महासभा ने इसे अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि इससे सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के अधिकारों का हनन हो सकता है।

संगठन ने 13 जनवरी 2026 को लागू किए गए उक्त नियमों में संशोधन की मांग करते हुए सभी वर्गों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने की अपील की है।

इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सचिव गजानंद सिंह, सुधीर परिहार, नगेंद्र सिंह, दुर्गेश परमार, हेमंत सिंह ठाकुर, राणा राजपूत, युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह ठाकुर, अमित सिंह, महिला मंडल अध्यक्ष पुष्पा ठाकुर, रेखा परिहार, रागिनी सिंह, कैलाश ठाकुर, चंपा ठाकुर, अर्चना रानी परिहार, रोहिणी ठाकुर, अनीता ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### एसपी के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, अधिकारियों के आश्वासन पर हड़ताल समाप्त

# आरटीओ विभाग की कार्रवाई से ई-रिक्शा के पहिये थमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ऑटो रिक्शा के बाद ई-रिक्शा चालकों ने आरटीओ की कार्रवाई को लेकर हड़ताल की। गुरूवार को ई-रिक्शा चालकों के प्रदर्शन से स्कूल आने-जाने वाले छात्रों के अलावा आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ई-रिक्शा वालों की हड़ताल को लेकर प्रशासन तथा पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त की गई।

गुरूवार सुबह से ई-रिक्शा चालक पुरानी कृषि उपज मंडी में एकत्रित होने लगे। मामला ई-रिक्शा वालों पर आरटीओ द्वारा अनावश्यक कार्रवाई के खिलाफ काम बंद कर प्रदर्शन का था। ई-रिक्शा ऑनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष सलीम खान, उपाध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों पर आरटीओ रोजाना अनावश्यक कार्रवाई कर रही है। लाइसेंस, रोड टैक्स, फिटनेस, इंश्योरेंस सहित सभी कागजात चेक किए जा रहे हैं, जिसमें कुछ उचित तथा कुछ अनुचित है। उन्होंने कहा कि जब शो रूम में गाड़ी लेते हैं तब इंश्योरेंस और फिटनेस 2 साल का रहता है। रोड टैक्स आजीवन जमा होना बताया जाता है। इधर आरटीओ अधिकारियों का कहना है कि वाहन



के रेट के हिसाब से 3 प्रतिशत रोड टैक्स पटाना होगा फिर फिटनेस होगा। इतना रोड टैक्स पटाना ई-रिक्शा वालों के लिए संभव नहीं है। गाड़ी का सम्पूर्ण कागजात धमतरी जिले में ही बनाते आए हैं तो फिर फिटनेस के लिए दूसरा जिला क्यों? इससे परेशानी होगी। धमतरी जिले में ही फिटनेस की सुविधा दी जाए।

जहां-जहां ऑटो स्टैंड है, वहां-वहां ई-रिक्शा स्टैंड दिया जाना चाहिए। इससे वाद-विवाद की स्थिति निर्मित न होगी। चौक-चौराहों से ऑटो वाले सवारी उठाने नहीं देते। बस स्टैंड के अंदर सवारी भरने पर गाली-गलौज और वाद विवाद किया जाता है। ई-रिक्शा स्कूलों में नहीं चलने दिया जाता तो ऑटो वालों पर भी रोक लगनी चाहिए। ई-रिक्शा वाले 10 से 20 रूपये में एक चौक से दूसरे चौक तक एक दो सवारी को लेकर चले जाते हैं। लेकिन आटो वाले पूरी गाड़ी भरने तक सवारी को बिठाकर रखते हैं। उन्हें बेवजह बदनाम किया जाता है। धमतरी छोटा शहर है जहां 1500-200 ई-रिक्शा तथा 150 से 200 आटो है जिसके चलते सिटी में जाम की स्थिति बन आती है। सभी वाहनों को सिटी में नहीं चला सकते। कई लोग गांव से आते हैं। इस कारण हाईवे में भी गाड़ी चलाना पड़ता है। ई-रिक्शा या आटो चालक नशे में या नाबालिग या फिर बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाते हैं तो उस पर उचित कार्रवाई की जाए।

ई-रिक्शा वालों की हड़ताल को देखते हुए नायब तहसीलदार लोकेश साहू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मांगों का ज्ञापन लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद ई-रिक्शा ऑनर्स कल्याण संघ ने हड़ताल समाप्त की। इस अवसर पर ई-रिक्शा संघ के देवेन्द्र पंझारे, सौरभ नामदेव, संदीप तिवारी सहित बड़ी संख्या में चालक मौजूद थे।

## कुरमातराई में मानस महोत्सव आज से

**धमतरी।** ग्राम कुरमातराई में श्रीराम चरित मानस महोत्सव का आयोजन 30 एवं 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का माहौल है। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### अटंग में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटंग में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्था प्रमुख नूतनलाल चंद्राकर एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष भोपाल चन्द्राकर समेत अन्य उपस्थित थे। प्रभात फेरी पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

### सिर्वे में मानस सम्मेलन 30 से, 2 फरवरी को मड़ई

**जीजामगांव।** ग्राम सिर्वे में श्रीराम मानसगान आयोजक समिति एवं ग्रामीण विकास समिति के तत्वाधान में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक मानसगान सम्मेलन रखा गया है। कार्यक्रम में छग अंचल की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। 2 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी गोपाल बलराम निपानी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष कुलेश्वर ध्रुव एवं सोनजीत साहू ने दी।

### दुकान बंद कर घर लौट रहे युवक पर बदमाशों ने किया हमला, मोबाइल भी लूटा

**धमतरी।** रात्रि में दुकान बंद कर बाइक से अपने घर जोरातराई लौट रहे च्वाईस चेंटर संचालक पर अज्ञात बदमाशों ने लाठी से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बदमाश घायल युवक का मोबाइल लूटकर फरार हो गए।



■ भखारा क्षेत्र की घटना, पुलिस ने छह संदिग्धों को हिरासत में लिया

मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातराई निवासी ओंकार साहू पिता भीम भखारा स्थित चंडी मंदिर के सामने च्वाईस सेंटर चलाता है। बीते सोमवार की रात्रि युवक दुकान बंदकर बाइक से अपने घर जोरातराई जा रहा था। इसी दौरान ग्राम भेड़सर व सिंगदेई के बीच अज्ञात युवकों ने उसका रास्ता रोककर लाठियों से ताबड़तोड़ हमलाकर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर पर गहरी चोट लगी है। युवक को घायल करने के बाद बदमाश उसका मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गये। घायल को उपचार के लिए धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के भाई की शिकायत पर भखारा पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ धारा 126/2, 115/2, 309/6, 3/5, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। दूसरे दिन भखारा पुलिस व साइबर सेल की टीम घटनास्थल पहुंच बारीकी से निरिक्षण कर अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है। विवेचना के दौरान पुलिस छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

नोटिस अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1872
न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01
धमतरी (छ.ग.)

प्रोसेस क्र. : 26/2026, सक्सेशन प्र.क्र.: 02/2026
पेशी तारीख : 20.03.2026

घनश्याम बोरझरिया - आवेदक
बनाम
आम जनता वगैरह - अनावेदकगण

प्रति,
आम जनता वो अन्य


विदित होवे कि आवेदक घनश्याम बोरझरिया पिता स्व. बुलखू राम बोरझरिया, जाति हल्बा, निवासी-ग्राम ठेनही, पोस्ट बेलरबाहरा, तह. नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता स्व. बुलखू राम पिता मानसाय, उम्र 62 वर्ष के मृत्यु उपरान्त जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर, शाखा कार्यालय नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) में बचत खाता क्र. 624039042706 के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत प्रीमियम राशि जमा किया था जिसमें दि ओरियंटल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के द्वारा बीमा योजना की राशि 2,00,000/- रूपये प्राप्त होना है और उक्त राशि को प्राप्त करने हेतु इस न्यायालय में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 20.03.2026 को 11 बजे होना है।

अतएव आम जनता एवं अन्य जो मृतक स्व. बुलखू राम के संबंध में अपना कोई हित अथवा कोई उनके संबंध में संबंधित होने व उत्तराधिकारी होने के संबंध में हक रखता हो तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील के द्वारा उपस्थित होंवे कि जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिया गया हो और इस वाद से संबंधित सारवान तथ्यों को उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सब दस्तावेज को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिस पर आपका प्रतिरक्षा या दावा आधारित है और अपनी प्रतिरक्षा मुजरई का दावा या प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप पेशी तारीख दिनांक 20.03.2026 को उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई व निपटारा आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी और किसी कारणवश न्यायालयीन अवकाश होने पर अथवा कार्यदिवस स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर की जावेगी।

सील
तनुश्री गवेल
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)




### हजारों श्रद्धालु बालका व महानदी के संगम में लगायेंगे आस्था की डुबकी

# माघ पूर्णिमा पर कर्णेश्वर धाम में 31 जनवरी से 5 फरवरी तक भव्य मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा में श्रृंगी ऋषि पर्वत के नीचे महानदी के पावन तट पर ग्राम छिपलीपारा का आश्रित ग्राम देउरपारा स्थित है। यहां महानदी व बालका नदी का संगम होता है। माघ पूर्णिमा पर यहां हजारों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। 11वीं शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा निर्मित शिव मंदिर, रामजानकी मंदिर, नन्दी, गणेश मन्दिर, विष्णु का मंदिर है। इस स्थान को लोग कर्णेश्वर धाम के नाम से जानते हैं। कर्णेश्वरधाम में माघ पूर्णिमा पर 31 जनवरी से 5 फरवरी तक विशाल मेला लगेगा। कर्णेश्वर धाम में सोमवंशी राजाओं द्वारा निर्मित भगवान शिव एवं रामजानकी का मंदिर है।

### शिलालेख में दर्ज है राजा कर्णराज का गौरवशाली इतिहास

मंदिर परिसर में सोलह पंक्तियों वाला आयताकार शिलालेख आज भी मौजूद है, जो शक संवत 1114 में उत्कीर्ण कराया गया था। यह शिलालेख संस्कृत भाषा में देवनागरी लिपि में लिखा गया है। शिलालेख से ज्ञात होता है कि राजा कर्णराज ने अपने वंश की कीर्ति को अमर करने के उद्देश्य से कर्णेश्वर देवहद में छह मंदिरों का निर्माण कराया था। एक अपने निःसंतान भाई कृष्णराज के नाम, दूसरा मंदिर प्रिय पत्नी भोपालादेवी के नाम निर्मित कराया।

### त्रिनेत्रधारी शिव की प्रतिष्ठा

कर्णराज ने त्रिनेत्रधारी भगवान शिव की प्रतिष्ठा की। कर्णराज द्वारा निर्मित मंदिर में शिव के अलावा मर्यादा पुरुषोत्तम राम जानकी मंदिर प्रमुख है। भगवान शिव को बीस वर्ग फुट आयताकार गर्भ गृह में प्रतिष्ठित किया गया है। गर्भगृह का शीर्ष भाग कलश युक्त है। मंदिर का अग्रभाग मंडप शैली में बना है, जिसकी छत आठ कोडीय प्रस्तर स्तंभों पर टिक़ी है। मंदिर का पूरा भाग पाषाण निर्मित है। जनश्रुति है कि कांकेर के सोमवंशी राजाओं के पूर्वज जग्गनाथपुरी उड़ीसा के मूल निवासी थे। सोमवंशी राजाओं ने पहले नगरी में अपनी राजधानी बनाई थी।

### असाध्य रोगों के लिये अमृत कुण्ड

कर्णेश्वर धाम में एक प्राचीन अमृतकुण्ड है। किवदंती हैं कि इस कुंड के जल के स्नान से कोढ़ जैसे असाध्य रोग ठीक हो जाता था। सोमवंशी राजाओं ने इसे मिट्टी से भर दिया। अमृतकुंड से लगा हुआ छोटा सरोवर मोतीतालाब को राजा की दो पुत्रियां सोनई-रूपई के नाम से जाना जाता है। सोनई रूपई कांकेर के राजा धर्म देव की पुत्रियां थीं। मन्दिर परिसर में विविध देवी देवताओं की प्रतिमा है। सोमवंशीय राजाओं का विजय स्तम्भ है। माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालु बालका व महानदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बनेंगे।

### लुप्त हो जाती हैं अस्थियां

बालका व महानदी संगम स्थल से दक्षिण दिशा में महानदी पर पचरी घाट पर स्थित कुण्ड में अस्थियां विसर्जित की जाती हैं। मान्यता है कि यहां ढाई पहर में विसर्जित अस्थियां लुप्त हो जाती हैं।

### माता कर्मा व हनुमान मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

कर्णेश्वर मन्दिर परिसर में नवनिर्मित भक्त माता कर्मा व हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 30 व 31 जनवरी को होगा। मन्दिर का निर्माण जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने अपने परिजनों की स्मृति में कराया है। भक्त माता कर्मा की मूर्ति गिरधारी लाल साहू सांकरा व उनके परिवार द्वारा प्रदान की गई है। हनुमानजी की प्राचीन मूर्ति लक्ष्मण प्रसाद पांडेय नगरी द्वारा परिजनों की स्मृति में दी गई थी।

### विकास के कार्य होने से कर्णेश्वर धाम की शोभा बढ़ेगी

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि कर्णेश्वर धाम के विकास में राज्य सरकार पूरी तरह ध्यान दे रही है। जनभागीदारी से भी कार्य हो रहे हैं। प्रवेश द्वार के लिये 11 लाख व शौचालय के लिये 7 लाख रुपए की स्वीकृति पर्यटन विभाग से प्राप्त हुई है। आने वाले समय में मां अभियान के तहत करोड़ों रुपये के कार्य होने है। इसके लिये सीएसआर फण्ड की राशि जिला प्रशासन के प्रयास से स्वीकृति मिली है। इससे कर्णेश्वर धाम की शोभा बढ़ेगी।

### रंग झरोखा की प्रस्तुति होगी

मेला महोत्सव के दौरान 2 फरवरी को दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा भिलाई, 3 फरवरी को स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर की प्रस्तुति होगी।

### मेले की ढाई परिक्रमा करेंगे देवी देवता

मेला में देवी देवताओं का आगमन होगा। बस्तर, ओडिशा के देवी देवता भी पुन्नी स्नान व कर्णेश्वर महादेव का दर्शन कर बाबा बालगीर के अगुवान व छिपलीपारा के टिकरी वाली के मार्गदर्शन में माता खम्बेश्वरी से जोहार भेंटकर मड़ाई की परिक्रमा करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारी में पदेन संरक्षक व विधायक अम्बिका मरकाम, संरक्षक कैलाश पवार, ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सह सचिवद्वय मोहन पुजारी राम, भरोसा साहू, वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस, नागेन्द्र शुक्ला,शिव कुमार परिहार, ललित शर्मा, कमल डागा ,रामप्रसाद मरकाम, गगन नाहटा, नोहर साहू, छबि ठाकुर, रामलाल नेताम, मोहन पुजारी, योगेश साहू अमर सिंह पटेल, अंजोर निषाद, रवि भट्ट, दीपक यदु, सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल, प्रताप सुरेशा, मिलेश साहू, बबलू गुप्ता, ललित निर्मलकर, ईश्वर जांगड़े, अनिरुद्ध साहू, दुर्गेश साहू, कैलाश प्रजापति, दीपक यदु, प्रकाश सार्वा, राकेश चौबे, हनी कश्यप, नरसिंह मरकाम, मोहन नाहटा, बंटी जैन, होरीलाल पटेल, केआर बोरघरिया, टेश्वर ध्रुव, मदन साहू, सन्तु साहू, डोमार मिश्रा, मनोज गुप्ता, प्रेमजीत छाबड़ा जुटे हैं।

# पीएमश्री शाला कठौली में ध्वजारोहण के साथ वार्षिकोत्सव मना

■ टॉप टेन में आने वाले बच्चों को जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू देंगे 21 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री




पीएमश्री प्रा. शा, पूर्व मा. शा. व उच्चतर मावि कठौली में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर कक्षा 1 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने व्यायाम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी कला का प्रदर्शन किया। कला प्रस्तुति पर बच्चों को उपहार भी भेंट किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू थे। अध्यक्षता गणेश साहू, टिकेश विश्वकर्मा, नीलमणि निषाद ने की। विशेष अतिथि सरपंच डां खेमराज साहू, विखं स्त्रोत समन्वयक कुलेश्वर सिन्हा, पूर्व सरपंच कविता साहू, पूर्व जनपद सदस्य तामेश्वरी साहू, प्राचार्य डीपी देवांगन थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। पुरस्कार दिये और टाप टेन बोर्ड में आने पर 21,000 की राशि देने की घोषणा की। प्रबंधन समिति द्वारा बच्चों को प्रमाण-पत्र व मेडल दिये गए। बाल समाज के संचालक छबिलाल, नोहर व अरूण साहू कठौली द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय आये 1 से 12 कक्षा तक के बच्चों को नगद राशि व मेडल भेंट किए गए। गणेश साहू अध्यक्ष व सदस्य धनेश्वरी द्वारा पेन, लीलेश्वर साहू की टीम ने पानी बाटल उपहार स्वरूप दिए। वहीं स्कूल के तीनों प्रबंधन समिति द्वारा प्रमाण पत्र व शील्ड दिया गया।

बच्चों के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों, ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधियो, रसोईया, सहायिका का योगदान रहा। न्योता भोज देने वाले पालकों को मोमेन्टो से सम्मानित किया गया। पीएमश्री प्रधानपाठक ललित साहू, माशा के चंद्रकांत नगारची, उमावि के प्राचार्य नरेन्द्र धीवर व किशोर साहू ने आभार व्यक्त किया।

# ग्रामसभा में आय-व्यय, नए कर वसूली पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासन के निर्देशानुसार सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत मुरा में ग्राम सभा आयोजित की गई। बैठक में 227 सदस्यों की उपस्थिति रही, जिससे कोरम पूर्ण हुआ। ग्राम सभा में आय-व्यय, नए कर वसूली, स्कूल शिक्षा, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल, पेंशन, स्वच्छता, पोषण, मितानिन, पौधारोपण, निर्माण कार्य सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों के सहयोग से बैठक सफल रही।

सरपंच राकेश साहू ने पंचायत पदाधिकारियों, महिलाओं व युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी बैठकों में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

# प्रेस क्लब में सेवानिवृत सैनिक ने किया ध्वजारोहण

■ भाजपा कार्यालय एवं कांग्रेस भवन में फहराया गया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरूद प्रेस क्लब में इस बार गणतंत्र दिवस को यादगार बनाने कारगिल युद्ध में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले थल सेना के सेवानिवृत सूबेदार मेजर आलोक वर्मा निवासी हुलसी (तिल्दा) को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने प्रेस क्लब भवन के सामने विद्यार्थियों की उपस्थिति में तिरंगा झंडा फहराकर सलामी दी। साथ ही उन्होंने कारगिल चौक में भी ध्वजारोहण किया। आर्मी आलोक वर्मा की प्रारंभिक शिक्षा कुरूद में हुई है। इस मौके पर कुरूद प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, महासचिव धनसिंह सेन, पूर्व अध्यक्ष जमाल रिज़वी, अजय केला, गणेश साहू, चन्दन शर्मा, मालक राम, रामनारायण शर्मा, जितेंद्र चंद्राकर, भारत भूषण पंचायन, प्राचार्य डीपी देवांगन शामिल हुए। इसी तारतम्य में कांग्रेस कार्यालय पुराना बाजार चौक में नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महिम शुक्ला की अस्वस्थता के चलते उनकी अनुपस्थिति में प्रहलाद चन्द्राकर ने तिरंगा लहराया। वहीं निवृतमान अध्यक्ष आशीष शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का वाचन किया। भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने ध्वजारोहण किया और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर दोनों ही कार्यालय में पार्टी के नेता, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी प्रकार कुरूद एवं क्षेत्र के शासकीय, अर्धशासकीय संस्थाओं में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई।

### सेजेस सिंगपुर में आयोजित ग्रेट एल्युमिनी कार्यक्रम में शामिल हुए शिक्षामंत्री

# सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने कई योजना चला रही : गजेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




ग्राम सिंगपुर के सेजेस में ग्रेट एल्युमिनी कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि राज्य के स्कूल शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव रहे। मुख्य अतिथि श्री यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा हम सभी के लिए आवश्यक है। सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, छात्रवृत्ति, प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। भगवान श्रीराम, श्री कृष्ण ने ऋषि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की है। वन क्षेत्र के बच्चों के शिक्षा ग्रहण के प्रति विशेष जोर दिया है। महिलाओं को स्वरोजगार देने उद्योग खोलने कहा। सिंगपुर सेजेस प्राचार्य डॉ वीपी चन्द्रा ने स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

शिक्षामंत्री ने हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, सेजेस सिंगपुर सहित आसपास के 10 स्कूल भवनों में अहाता, सिंगपुर के यादव भवन में टिन शेड, सीसी सड़क हेतु 10 लाख, यादव समाज को वाद्य यंत्र हेतु 40000 रूपये देने की घोषणा की।

शिक्षा मंत्री को छत्तीसगढ़ी व्यंजन की रोटी, गौ माता का प्रतीक चिन्ह, गाय का घी, नदी, पहाड़, पर्वत की वर्णमाला चार्ट भेंट की गई। मंच संचालन भोथीडीह सोसाइटी प्राधिकृत अधिकारी शत्रुघ्न साहू व आभार प्रदर्शन डीईओ श्री जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिपं सभापति टीआर कंवर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, माधवसिंह ठाकुर, सिंगपुर सरपंच लोमेश्वर साहू, जनपद सदस्य गजेंद्र दीवान, रामायण सिन्हा, राधेलाल सिन्हा, अय्यूब खान, इनकम टैक्स अधिकारी तुमनचंद साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद नभसिंह कोसले, तहसीलदार, थाना प्रभारी, बीईओ मनीष ध्रुव, स्कूल स्टाफ समेत अन्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### रावनगुड़ा स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**सिर्री।** ग्राम रावनगुड़ा की शासकीय प्राथमिक शाला में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। झंडोत्तोलन किया गया। बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। वीर शहीदों, महापुरुषों को याद किया। स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। बच्चों ने देशभक्ति सहित सांस्कृतिक गीतों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। पालकगणों ने बच्चों की प्रस्तुति को सराहा। बच्चों को उपहार में कॉपी पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानपाठक सोहद्रा तारक, शिक्षक रुसेंद्र तारक, डिकेश्वरी, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवनारायण लहरे, गजाधर प्रसाद साहू उपाध्यक्ष, कामताप्रसाद यादव सदस्य, हेमकल्याण बघेल, महेश बांधे, डोमनलाल बांधे, सुनीता बांधे, गुणिता बांधे, चंद्रिका डहरे, चित्ररेखा गहरवाल, धानबाई बांधे, बालकुमारी बांधे, अमरसिंह, रसोइया मैनाबाई साहू, प्रभा लहरे, हीराराम शामिल रहे।

### देशभक्ति, लोक गीत व नृत्य ने मन मोहा



**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि रामगोपाल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक राधाकृष्ण बाल संस्कार मगरलोड थे।

■ सशिमं मगरलोड में वार्षिक उत्सव की रही धूम

अध्यक्षता पुरुषोत्तम साहू, भारत साहू, अखिलेश साहू, एनआर साहू पूर्व अध्यक्ष राधा कृष्णबाल संस्कार समिति ने की। स्कूली छात्रों व्दारा बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाव नशामुक्ति व नशे के दुष्परिणाम पर प्रसंग प्रस्तुत कर समाज को संदेश दिया। देशभक्ति, लोक संस्कृति, लोक गीत, पारपंरिक गीत में नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम साहू ने कहा कि शिशु मंदिर में पढ़ाई के साथ संस्कार की शिक्षा भी दी जाती है। छात्रों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है। रामगोपाल ने कहा कि शिशु मंदिर में विषयों की पढ़ाई के साथ संस्कृति की शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षा दी जाती है। इससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है।

### उमरगांव में शान से लहराया तिरंगा



**नगरी।** गणतंत्र दिवस का पर्व ग्राम उमरगांव में भी हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के प्रमुख चौक-चौराहों, शासकीय विद्यालयों एवं ग्राम पंचायत भवन में तिरंगा झंडा फहराया गया। राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी गई।

■ देशभक्ति से सराबोर रहा गणतंत्र दिवस समारोह

समारोह के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से पूरे गांव को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया गया। बच्चों के उत्साह और अनुशासन ने सभी का मन मोह लिया। गौरतलब है कि ग्राम उमरगांव स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला गांव रहा है। इस ग्राम से लगभग 45 स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया, जिनका आज भी ग्राम स्तर पर सम्मान किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को स्मरण कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर सरपंच अंजना ध्रुव, उपसरपंच फलेन्द्र साहू, सचिव आसतराम सामरथ, अंबिका ध्रुव, महेश पुजारी, सावेश मरकाम, भुनेश्वर मरकाम, रोहित मरकाम, हेमंत ठाकुर, किशार यादव, रामभरोष मरकाम, लक्ष्मीनाथ सरोज, शेष ईमला नेताम, रूपलता सूर्यवंशी, सुभाषिनी ध्रुव, सुलेश्वरी यादव, दीपिका नेताम समेत अन्य उपस्थित थे।

### नशा पदार्थ, डिस्पोजल व पानी पाउच बेचने वालों को दी समझाइश

# अवैध शराब के खिलाफ लामबद्ध हुए चरमुड़िया के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



ग्राम चरमुड़िया में पंचायत के तमाम कोशिशों के बावजूद बढ़ती नशाखोरी के खिलाफ सतनामी समाज के युवाओं ने नशे के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। इसके लिए उन्होंने गांव में अवैध धंधे से जुड़े लोगों को चेतावनी देकर प्रशासन से भी सहयोग की आपेक्षा जताई है।

कुरुद से लगे ग्राम पंचायत चरमुड़िया में लंबे समय से फलफूल रहे नशे के अवैध कारोबार से गांव का माहौल खराब हो रहा है। नशे के कारण गांव के आसपास चोरी व लूट की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। आए दिन गांव की शांति भंग होने से परेशान लोगों ने शराब व नशीले पदार्थों की बिक्री के विरोध में सतनामी समाज चरमुड़िया व ग्रामीणों ने रैली निकालकर इसकी बिक्री बंद कराई।

ग्रामीणों ने उन ठिकनों में जाकर नशा प्रदार्थ, डिस्पोजल व पानी पाउच के विक्रय बंद करने हेतु संबंधित पक्ष को समझाइश दी। ग्रामीणों ने सभी दुकानदारों व अवैध नशीले पदार्थों के विक्रेताओं को चेतावनी देकर गांव की सुख शांति के लिए सहयोग करने की अपील की।

सरपंच नीतू तोड़ेकर ने बताया कि महिला कमांडो का गठन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग लगातार अवैध शराब व नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, फिर भी इस अवैध धंधे से पूरी तरह से छुटकारा नहीं मिला है। अब इस मुहिम को युवा वर्ग के सहयोग से आगे बढ़ाकर गांव से अवैध शराब व नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाएंगे।

इस मौके पर तेजेन्द्र तोडेकर, लक्की, रामभगत तोडेकर, मुकेश जोशी, सुरेन्द्र, हेमंत, बसंत, रामदयाल, सुजित, कृष्णा जोशी, जितेन्द्र, उमेंद बांधेकर, रिषीकेश, सतीश, भागवत, राहुल बांधेकर, दीनदयाल, अनुराग, देवेन्द्र, लक्ष्मण, सूखेराम, सुखदेव भारती, चन्द्रकुमार टण्डन, मोहन लहरे, गौकरण जांगडे, हरिश्चन्द्र, भूपेश जाँगडे, शेखर, निलेश लहरे, प्रदीप नवरंगे, गोवर्धन टण्डन, हितेश बांगडे आदि उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**मगरलोड।** जनपद पंचायत परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जपं अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने ध्वजारोहण किया । ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान एवं वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया और देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति निष्ठा व्यक्त की गई।

कार्यक्रम में जपं उपाध्यक्ष खिलेश साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या ठाकुर, जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, डुगेश्वरी साहू, केवल कंवर, पंचायत इंस्पेक्टर दीपक भीमगंज सहित जपं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व का स्मरण कराता है। उन्होंने सभी से राष्ट्र निर्माण में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के जयघोष के साथ हुआ।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



